# प्रेसनोट

## थाना बबीना जनपद झाँसी

**दिनाँक 07.07.2026**

- **झाँसी पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण**
- **मुकदमे में नामित अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी गए आभूषणों के 34 नग बरामद(कीमत करीब 60 लाख रूपए)**
- **गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बबीना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 206/2026, धारा 305 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त शिवम गुप्ता पुत्र स्व० राजेन्द्र कुमार गुप्ता (गुटई सेठ), निवासी आरामशीन, थाना बबीना, जनपद झाँसी, उम्र करीब 27 वर्ष को झाँसी-ललितपुर हाईवे से अम्बेडकर नगर, सिमरावारी (चौकी बीएचईएल) जाने वाले कच्चे मार्ग से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी गए 34 नग पीली धातु के आभूषण बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** उल्लेखनीय है कि दिनांक 07.07.2026 को वादिया श्रीमती शशि गुप्ता पत्नी स्व० आर.के. गुप्ता (गुटई सेठ), निवासी आरामशीन, थाना बबीना, जनपद झाँसी द्वारा अपने पुत्र शिवम गुप्ता पर घर की अलमारी से बड़ी मात्रा में सोने-चाँदी के आभूषण चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना बबीना पर मु0अ0सं0 206/2026, धारा 305 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया था। विवेचना एवं साक्ष्य संकलन के दौरान आज दिनांक 07.07.2026 को थाना बबीना पुलिस द्वारा झाँसी-ललितपुर हाईवे से अम्बेडकर नगर, सिमरावारी (चौकी बीएचईएल) जाने वाले कच्चे मार्ग से अभियुक्त शिवम गुप्ता पुत्र स्व० राजेन्द्र कुमार गुप्ता (गुटई सेठ), निवासी आरामशीन, थाना बबीना, जनपद झाँसी, उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी गए 34 नग पीली धातु के आभूषण बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

शिवम गुप्ता पुत्र स्व० राजेन्द्र कुमार गुप्ता (गुटई सेठ), निवासी आरामशीन, थाना बबीना, जनपद झाँसी, उम्र करीब 27 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

- 07 जोड़ी कंगन (पीली धातु)
- 01 कड़ा (पीली धातु)
- 13 अंगूठी (पीली धातु)
- 01 जोड़ी इयर रिंग (पीली धातु)
- 01 छोटा हार (पीली धातु)
- 02 जंजीर (पीली धातु)
- 01 लंबी जंजीर गोल पेंडल सहित (पीली धातु)

**कुल बरामदगी** – 34 नग आभूषण।(कीमत करीब 60 लाख रूपए)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

- निरीक्षक श्री फूल सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना बबीना जिला झाँसी।
- उ0नि0 श्री राहुल सिंह, चौकी प्रभारी बीएचईएल थाना बबीना जिला झाँसी।
- हे0का0 502 विकास कुमार थाना बबीना जिला झाँसी।
- रि0आ0 अरुण कुमार थाना बबीना जिला झाँसी।
- रि0आ0 देवराज थाना बबीना जिला झाँसी।